# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 03 मार्च।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के संगठन चुनाव हेतु नियुक्त पीआरओ श्री संजय निरूपम ने आज जिला कांग्रेस कमेटी अलवर एवं दौसा में प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक लेकर प्रदेश में चल रहे डिजिटल सदस्यता अभियान की समीक्षा की।

उपस्थित कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के मजबूत स्तम्भ है जिनकी बदौलत आज पार्टी प्रदेश में सत्ता में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 31 मार्च, 2022 तक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है तथा पहली बार बुकलेट से सदस्य बनाने के साथ ही डिजिटल माध्यम से सदस्य जुड़े जाने का अभियान प्रारम्भ हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 52000 बूथों पर दो-दो बूथ एनरोलर नियुक्त किये गये हैं, हर विधानसभा क्षेत्र में 7 चीफ एनरोलर एवं दो पीओसी नियुक्त कर डिजिटल सदस्यता अभियान के ऐप का एक्सेस प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियानके तहत् प्रदेश में 52 लाख सदस्य डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से जोड़ने का लक्ष्य है जिसे सभी कार्यकर्ता एवं नेताओं के द्वारा डिजिटल सदस्यता अभियान का हिस्सा बन हासिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से जो डाटा प्राप्त होगा, उसके द्वारा राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी सीधे मोबाईल में प्राप्त होगी जिससे अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को भी इन योजनाओं का लाभ मिल सके तथा कांग्रेस कार्यकर्ता गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, किसानों को 12000 रूपये प्रतिवर्ष बिजली के बिल में सब्सिीडी देने की योजना, शहर में इंदिरा गाँधी रोजगार गारंटी योजना, इंदिरा रसोई जैसी महत्वपूर्ण योजनायें जनहित में लागू की है, इन्हें लोगों तक पहुँचाना है। उन्होंने आह्वान किया कि डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ा जाये जिससे लोगों तक कांग्रेस की सरकार द्वारा लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर जानकारी पहुँचाई जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान को सफल बनाकर सभी कांग्रेस कार्यकर्ता वर्ष 2023 में पुनः राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बने तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये कमर कस कर जुट जायें।

**2.........**

Created by Universal Document Converter

श्री डोटासरा ने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान से प्राप्त डाटा की सहायता से भाजपा की केन्द्र सरकार की विफलताओं को आसानी से लाखों लोगों तक पहुॅंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने 8 साल में एक भी जनकल्याणकारी कार्य नहीं किया है और केन्द्र सरकार लोगों को बरगलाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन वादों के आधार पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी चुनकर आये उनमें से एक भी वादे को पूर्ण नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मंहगाई कम करने का वादा किया था किन्तु 8 साल में मंहगाई बेलगाम होकर आसमान छू रही है। इसी प्रकार भाजपा ने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था, किन्तु किसानों को अपनी खेती बचाने के लिये सड़कों पर बैठकर आन्दोलन करने पड़े। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी विकराल रूप धारण कर रही है जबकि मोदी जी ने दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने का वादा किया था, नौकरियां तो मिली नहीं लेकिन लाखों लोगों के रोजगार छिन गये। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आम आदमी को राहत प्रदान की बजाए केवल चंद पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुॅंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं निर्णयों को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक आम आदमी के पास पहुॅंचाना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा जो निर्णय लिये जा रहे हैं, वह लोकतंत्र पर प्रहार हैं, प्रजातंत्र की हत्या करने का प्रयास भाजपा कर रही है। उन्होंने कहा कि देश में अघोषित इमरजेंसी लगी हुई है जो व्यक्ति भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाता है उसे राजद्रोही कहते हैं तथा भाई को भाई से लड़ाकर राष्ट्र का माहौल खराब कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की सीमा पर अतिक्रमण कर पड़ौसी देश ने कब्जा कर लिया है और गांव बसा लिया है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एक शब्द नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्हें नफरत फैलाने के आधार पर अमेरिका ने वीजा देने से इनकार कर दिया था, किन्तु जब भारत के प्रधानमंत्री बने और अमेरिका गये तो वहॉं के राष्ट्रीपति ने उनका स्वागत यह कहकर किया कि आप पं. जवाहरलाल नेहरू एवं श्रीमती इंदिरा गॉंधी जिस देश के प्रधानमंत्री रहे हैं उस देश के प्रधानमंत्री होने के नाते आपका स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के महान् नेताओं पं. जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गॉंधी, श्री राजीव गॉंधी ने बड़ी-बड़ी कुर्बानियां इस देश को एक रखने के लिये दी थी, किन्तु आज देश में वैमनस्य का माहौल भाजपा द्वारा बनाया जा रहा है, जिस राज्य में चुनाव होता हैं वहां ईडी, आईटी, सीबीआई का दुरूपयोग विरोधियों को परेशान करने के लिये किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार पार्टी के जिम्मेदार कार्यकर्ता होने के नाते हम सबका दायित्व है कि हम केन्द्र सरकार की विफलताओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को अवगत करायें और देश को फासीवादी ताकतों से बचाने के कार्य में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें।

**3.........**

Created by Universal Document Converter

इस अवसर पर श्री संजय निरूपम ने उपस्थित कांग्रेस नेतागण एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से सदस्यता अभियान चलाने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के अनुसार नई तकनीकें आती है तथा कांग्रेस पार्टी द्वारा डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत् कांग्रेस पार्टी के सदस्य बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक चलने वाले सदस्यता अभियान के तहत् जो सदस्य बनेंगे उनके मध्य से ब्लॉक अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, पीसीसी एवं एआईसीसी डेलीगेट सहित अन्य पदाधिकारी चुने जायेंगे। उन्होंने कहा कि जो डेलीगेट चुने जायेंगे। उन्होंने कहा कि जो डेलीगेट चुने जायेंगे वही तय करेंगे कि कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान के द्वारा कांग्रेस पार्टी का जमीनी स्तर पर संगठन तैयार किया जायेगा तथा अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता माध्यम के द्वारा कांग्रेस का मतदाता बनाया जाने का दायित्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि यही बात समझाने के लिये वे राजस्थान आये हैं तथा बैठक ले रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कांग्रेस के सभी नेता एवं कार्यकर्ता डिजिटल सदस्यता अभियान को सफल बनाने और तथा डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के कार्य में जुट जायें। उन्होंने कहा कि डिजिटल सदस्यता अभियान भविष्य की राजनीति की नींव मजबूत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कि सभी नेता एवं कार्यकर्ता अपने-अपने दायित्व को पूर्ण करने हेतु क्षेत्रों में निकल जाए तथा अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस का सदस्य बनाकर देश में सर्वाधिक कांग्रेस सदस्य जोड़ने वाला प्रदेश राजस्थान बने इस हेतु कमर कसकर जुट जायें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि इन बैठकों में एपीआरओ श्री अमित कुमार टुन्ना, श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, पार्टी के सांसद प्रत्याशीगण, विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारीगण, डिजिटल सदस्यता अभियान हेतु पार्टी द्वारा नियुक्त चीफ एनरोलर, पीओसी एवं बूथ एनरोलर सहित प्रमुख कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter